लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1163

02 मई, 2016 को उत्तर के लिए

इस्पात विकास निधि

1163. डॉ. मनोज राजोरिया:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में चल रहे इस्पात संयंत्रों से इस्पात विकास निधि हेतु वित्तीय सहायता मांगने के कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी संयंत्र-वार और राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का देश में इस्पात उत्पादन में वृद्धि करने के लिए उक्त संयंत्रों को एसडीएफ से वित्तीय सहायता प्रदान करने की कोई योजना तैयार करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस्पात विकास निधि (एसडीएफ) से वित्तीय सहायता के लिए राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों में स्थित इस्पात संयंत्रों से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) और (घ): सरकार के पास इस प्रकार के कोई संयंत्र नहीं है। संयुक्त संयंत्र समिति के सदस्य इस्पात संयंत्रों के दायित्व और निधि का स्वरूप माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष निर्णयाधीन हैं।

***